FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

प्रेस नोट सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद दिनांक 24.06.2026 ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत के निकट पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर मोबाइल खोने के सम्बन्ध में दर्ज करायी गयी शिकायतों के आधार पर आवेदकों के 150 मोबाइल (भिन्न-भिन्न कम्पनियों के) अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये को बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल टीम व थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल, पर अपने मोबाइल गुम होने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल 150 मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनियों के बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किया गया। बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। जनपद में अब तक कुल 1537 मोबाइल भिन्न-भिन्न जनपद/राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्थापित कर बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हें। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का आभार प्रकट किया गया।

संक्षिप्त विवरण -

भारत सरकार द्वारा देश भर में गुम हुए मोबाइलों की शिकायत दर्ज करने हेतु सीईआईआर पोर्टल (CEIR PORTAL - Central Equipment Identity Register) चलाया जा रहा है। जिस पर आवेदक अपने गुम हुए मोबाइल की शिकायत स्वयं दर्ज कर सकते है। मुख्यालय स्तर से गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सर्विलांस सेल टीम व थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर कुल 150 गुम मोबाइल भिन्न-2 कम्पनियों के बरामद कर उनके आवेदकों के सुपुर्द किया गया।

कम्पनियों व मोबाइल का विवरण निम्नवत है:-

क्रम सं0	मोबाइल कम्पनी का नाम	मोबाइल की संख्या
1	वीवो	42
2	सैमसंग	21
3	ओप्पो	18
4	रियलमी	18
5	रेडमी	15
6	मोटोरोला	09
7	टैक्नो	07
8	वन प्लस	06
9	पोको	05
10	इनफिनिक्स	04
11	आईक्यू	02
12	नथिंग	02
13	लावा	01

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
2. समस्त थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक मय टीम जनपद फिरोजाबाद।